हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 मोहनगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही आधा दर्जन से अधिक जुआरी धराए



09 कलेक्टर एसपी आज से पहुंचेंगे कमजोर वर्ग के पास दीपावली के उपहार...



त्योहारों को लेकर अलर्ट हुई पुलिस, होटल संचालकों को सुरक्षा के निर्देश

होटलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, आगंतुकों का पहचान सत्यापन और कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सागर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शहर के होटल संचालकों एवं व्यवसायियों की बैठक आयोजित कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया और नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप ने की। इसमें शहर अनुभाग के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।बैठक में होटल संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे अपने प्रतिष्ठानों के प्रवेश और निकास द्वार, पार्किंग तथा रिसेप्शन पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। होटल के सामने सड़क की ओर भी कैमरा लगाने और रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने को कहा गया। साथ ही होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति के पहचान पत्र का सत्यापन कर उसका विवरण रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए गए।



पुलिस ने होटल कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराने, होटल परिसर में शराब बिक्री, जुआ, सट्टा सहित किसी भी अवैध गतिविधि पर रोक लगाने और संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की हिदायत दी।

बैठक में कहा गया कि होटल संचालक शहर की सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पुलिस के साथ समन्वय और सतर्कता से अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस ने सभी संचालकों से त्योहारों के दौरान सुरक्षा निर्देशों का गंभीरता से पालन करने की अपील की।





राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ग्रेटमेन स्कूल की छात्रों ने जीता कांस्य पदक

सागर। मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा ग्वालियर मध्यप्रदेश में 01 से 04 नवम्बर तक आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता अंडर-19 बालक/बालिका वर्ग ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शहर के ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ताइक्वांडो कोच बाबुल पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले पार्थ जैन ने अंडर-19 बालक वर्ग 52-55 कि.ग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक एवं नरगिश खान ने अंडर-19 बालिका वर्ग 42-44 कि.ग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण प्रदेश के लगभग 250 बालक/बालिका प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



एनएच 44 पर तेज रफ्तार एक्सयूवी की टक्कर में घायल बाइक सवार की मौत

देवरीकलाँ। देवरी थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 44 फोरलाइन बायपास पर संजय नगर के पास दतला पहुंच मार्ग के कट पॉइंट पर तेज रफ्तार काले रंग की एक्सयूवी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार की उपचार के लिए सागर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने उक्त दुर्घटना संवेदी स्थल पर अंडरपास बनाये जाने की मांग की है। इस दर्दनाक हादसे में अनियंत्रित तेज रफ्तार एसयूवी वाहन एवं बाइक की टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार करीब 20 फीट दूर जा गिरा। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार ने जिला चिकित्सालय जाते वक्त अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय नगर के दतला टोला निवासी 48 वर्षीय अब्दुल खान अपनी मोटरसाइकिल से संजय नगर से अपने घर दतला टोला जा रहे थे। इसी दौरान बिचुआ-दतला टोला मार्ग पर फोरलाईन सड़क का कट पॉइंट को पार करते समय सागर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित काले रंग की एक्सयूवी क्रमांक सीजी 04 क्यूई 5677 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल अब्दुल खान को तत्काल देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय सागर रेफर किया गया लेकिन हालत इतनी गंभीर थी कि सागर जिला चिकित्सालय पहुंचने से पहले ही रास्ते में अब्दुल खान ने दम तोड़ दिया। अब्दुल खान की मौत की खबर मिलते ही दतला टोला सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।







तालाब के पास चल रहा था जुआ, तीन चार पहिया वाहनों के साथ नगदी जब्त

मोहनगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही आधा दर्जन से अधिक जुआरी धराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के बीच मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में जुए के एक बड़े फड़ का खुलासा हुआ है। ग्राम कांटी में काटी तालाब के पास ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का खेल खेल रहे 10 लोगों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से 19 हजार 570 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते और जुआ खेलने में इस्तेमाल किए जा रहे तीन चारपहिया वाहन जब्त किए हैं। जब्त वाहनों की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। नकदी सहित कुल जब्त मशरूका 20 लाख 19 हजार 570 रुपये का है।

योजनाबद्ध दबिश में पकड़े गये आधा दर्जन से अधिक जुआरी

पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और उनमें संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रभावी वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाहा और जतारा एसडीओपी अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मोहनगढ़ थाना पुलिस द्वारा जुआ गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान 4 नवंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कांटी में काटी तालाब के पास कुछ लोग एक स्थान पर एकत्रित होकर ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगा रहे हैं। सूचना में जुआ खेलने की पुष्टि होने पर थाना प्रभारी अंकित दुबे ने पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी तो वहां जुआ खेल रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस टीम ने मौके से कुल 10 लोगों को पकड़ लिया।

तीन चारपहिया वाहन भी पुलिस ने किए जब्त

जुआ फड़ पर कार्रवाई के दौरान पुलिस को तीन चारपहिया वाहन मिले, जिन्हें जब्त किया गया है। इनमें संजय साहू के कब्जे से सफेद रंग की रेनॉल्ट ट्राइबर कार जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये बताई गई है। रवि कुमार यादव के कब्जे से सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपये है। वहीं मोहन कुशवाहा के कब्जे से स्विफ्ट कार जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा तोरन सिंह के कब्जे से स्लेटी रंग की ईऑन कार का भी उल्लेख पुलिस की आरोपीवार सूची में किया गया है। हालांकि पुलिस द्वारा जारी कुल जब्ती के विवरण में तीन चारपहिया वाहनों की कीमत 20 लाख रुपये बताई गई है। इस संबंध में वाहन जब्ती का विस्तृत विवरण महत्वपूर्ण है। पुलिस ने सभी आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 19 हजार 570 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार तीन वाहनों की अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये है।

जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज

मोहनगढ़ थाना पुलिस ने पकड़े गए सभी दस आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में जुआ गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति है। इस पूरी कार्रवाई में मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे, संतोष कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक कैलाश, तेजसिंह, रामकेश, आरक्षक पुष्पराज सिंह, दीपक, प्रशांत, लक्ष्मीप्रसाद, अर्जुन, अंकुल, झल्लू प्रसाद, वाहन चालक केशव यादव तथा एनआरएस पंचम सूत्रकार और लालाराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं सभी आरोपी

पुलिस कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों में संजय साहू निवासी भंडेर जिला दतिया, ज्ञान सिंह निवासी महरौनी खुर्द जिला ललितपुर, रवि कुमार निवासी निचरोनी जिला शिवपुरी, मोहन निवासी चेनावर जिला ललितपुर, तोरन सिंह प्रजापति निवासी गंगोरा रावगढ़ जिला ललितपुर शामिल हैं। इसके अलावा भूपेन्द्र कुमार लुहार निवासी नेहरू नगर जिला ललितपुर, भान सिंह यादव निवासी महरौनी खुर्द जिला ललितपुर, सचिन कुमार प्रजापति निवासी गंगोरा रावगढ़ जिला ललितपुर, रामकुमार राय निवासी वंशीपुरा जिला ललितपुर और महेन्द्र जाटव निवासी रेलवे स्टेशन के पास पुलिया क्रमांक 09 झांसी को भी गिरफ्तार किया गया है।

बुड़ेरा पुलिस की एक साथ दो स्थानों पर कार्रवाई

डिकौली में पुलिस का छापा, अवैध शराब और दो फ्रिज जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में बुड़ेरा थाना पुलिस ने गुरुवार को ग्राम डिकौली में दो अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी गई 21.58 लीटर शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से शराब के साथ दो फ्रिज भी जब्त किए हैं। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 39 हजार 140 रुपये बताई गई है। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार पहली कार्रवाई ग्राम डिकौली में किशोरी राय की दुकान पर की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री की जा रही है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस ने दबिश दी। तलाशी के दौरान ब्लू स्टार कंपनी के फ्रिज में रखी छह केन बीयर, मात्रा 3 लीटर कीमत 900 रुपये, देशी मसाला शराब के 15 क्वार्टर, मात्रा 2.700 लीटर कीमत 1500 रुपये और देशी प्लेन शराब के 25 क्वार्टर, मात्रा 4.5 लीटर कीमत 2000 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने कुल 10.20 लीटर शराब कीमत 4400 रुपये और 15 हजार रुपये कीमत का फ्रिज जब्त किया। इस कार्रवाई में कुल 19 हजार 400 रुपये का माल जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई पुष्पेंद्र राय की दुकान पर की गई। यहां भी पुलिस को अवैध शराब रखे होने की सूचना मिली थी। तलाशी के दौरान ब्लू स्टार कंपनी के फ्रिज में रखी आठ केन बीयर, मात्रा 4 लीटर कीमत 1200 रुपये, देशी मसाला शराब के 13 क्वार्टर, मात्रा 2.340 लीटर कीमत 1300 रुपये और देशी प्लेन शराब के 28 क्वार्टर, मात्रा 5.040 लीटर कीमत 2240 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने कुल 11.38 लीटर शराब कीमत 4740 रुपये और 15 हजार रुपये कीमत का फ्रिज जब्त किया। इस कार्रवाई में कुल 19 हजार 740 रुपये का माल जब्त हुआ। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बुड़ेरा पुलिस की दोनों कार्रवाइयों में कुल 21.58 लीटर अवैध शराब और दो फ्रिज जब्त किए गए हैं। जब्त शराब की कीमत 9140 रुपये तथा दोनों फ्रिज की कीमत 30 हजार रुपये आंकी गई है। इस तरह पुलिस ने कुल 39 हजार 140 रुपये का माल जब्त कर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की है।

खेत में भैंस के जाने पर भिड़े दो पक्ष, जमकर हुई मारपीट

टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ बुजुर्ग में खेत में भैंसों के जाने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। गुरुवार दोपहर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ, जिसमें दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने दिगौड़ा थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर कुल पांच लोगों के खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, विवाद की शुरुआत खेत में भैंसों के जाने को लेकर हुई थी। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से मारपीट होने लगी। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आईं। पहले पक्ष के फरियादी अरुण घोष ने पुलिस को बताया कि गांव के ही बृजेंद्र घोष, अतर बाई घोष और कमलेश घोष ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी पीठ में काट लिया और पत्थर से हमला कर चोट पहुंचाई। इस घटना में उसका मोबाइल फोन भी टूट गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने बृजेंद्र घोष, अतर बाई घोष और कमलेश घोष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी कमलेश घोष ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव के भरत राम उर्फ अमित घोष और अनुराग उर्फ अरुण घोष ने उसके साथ लड़ाई-झगड़ा करते हुए मारपीट की। घटना में उसे चोटें आईं। दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर कुल पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों और घटना की वास्तविक परिस्थितियों की जांच कर रही है।

शराब बेचने की शिकायत को लेकर विवाद, कर्मचारियों से मारपीट

बम्होरी खास की शराब दुकान में घुसकर की मारपीट

टीकमगढ़। जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी खास स्थित शासकीय शराब दुकान में शराब बेचने की शिकायत को लेकर विवाद हो गया। शिकायत करने पहुंचे दो युवकों ने दुकान के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी। घटना में तीन कर्मचारियों को चोटें आई हैं। मामले में दुकान कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना 3 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे की है। उस समय शराब दुकान के कर्मचारी अनिल यादव, विक्रम परमार, जयप्रकाश राय और प्रीतम राय दुकान के ऑफिस में बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान ग्राम बम्होरी खास के रहने वाले अंकित दांगी और छोटू दांगी वहां पहुंचे। बताया गया है कि दोनों युवकों ने शराब बेचने की शिकायत को लेकर कर्मचारियों से विवाद शुरू कर दिया। शुरुआत में हुई कहासुनी ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि दोनों युवकों ने दुकान के कर्मचारियों लवकुश यादव, प्रीतम राय और विक्रम परमार के साथ मारपीट कर दी। अचानक हुए हमले से दुकान परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में तीनों कर्मचारियों को चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित कर्मचारियों ने दिगौड़ा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अंकित दांगी और छोटू दांगी निवासी ग्राम बम्होरी खास के खिलाफ मारपीट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। शराब बेचने की शिकायत को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक कैसे पहुंचा और घटना के दौरान वास्तव में क्या परिस्थितियां बनीं, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

दिगौड़ा में किले के पास राहुल केवट के घर में निकला सांप, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

मकान में निकला 8 फीट लंबा सांप मचा हड़कंप, स्नेक कैचर ने सुरक्षित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



दिगौड़ा कस्बे में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब किले के पास स्थित राहुल केवट के मकान में अचानक करीब 8 फीट लंबा सांप निकल आया। घर के अंदर इतने बड़े सांप को देखकर परिजनों में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। मकान मालिक राहुल केवट ने बिना देर किए इसकी सूचना स्नेक कैचर विष्णु सिंह घोष को दी। सूचना मिलते ही विष्णु सिंह घोष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफी सावधानी और सूझबूझ के साथ सांप का रेस्क्यू किया। काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे आबादी क्षेत्र से दूर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। सांप के रेस्क्यू के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोग अपने घर में निकले इतने लंबे सांप को देखकर हैरान रह गए। हालांकि स्नेक कैचर की सतर्कता और समय पर पहुंचने से बिना किसी नुकसान के सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।

इस दौरान स्नेक कैचर विष्णु सिंह घोष ने लोगों को सांपों की विभिन्न प्रजातियों और उनके व्यवहार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सांपों की कई प्रजातियां जहरीली नहीं होती हैं। सांप सामान्यतः इंसानों से दूर रहने का प्रयास करते हैं और खतरा महसूस होने पर अपने बचाव में भागने की कोशिश करते हैं। कई बार अचानक सांप दिखाई देने पर लोग घबराकर उसे मारने लगते हैं, जबकि ऐसा करना उचित नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर, खेत या आसपास कहीं भी सांप दिखाई देने पर घबराएं नहीं और न ही उसे मारने का प्रयास करें। तत्काल किसी प्रशिक्षित स्नेक कैचर को सूचना दें, ताकि सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सके। इससे इंसानों के साथ-साथ बेजुबान वन्यजीवों की भी जान बचाई जा सकती है।

जन्मदिन की पार्टी में दिव्यांग से अभद्रता पिता-पत्नी सहित तीन को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जन्मदिन की खुशी के माहौल से शुरू हुआ विवाद एक ही परिवार के तीन सदस्यों के घायल होने तक पहुंच गया। अब पुलिस जांच के बाद ही घटना की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ाई तिगैला में एक दिव्यांग युवक के साथ अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। चाचा के यहां बच्चे के जन्मदिन की पार्टी में शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि मोहल्ले के दो युवकों ने पहले जन्मदिन समारोह में दिव्यांग युवक से अभद्रता की और फिर रात में उसके घर पहुंचकर युवक, उसके पिता और पत्नी के साथ मारपीट कर दी। घटना में तीनों को चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम खड़ाई तिगैला निवासी दिव्यांग युवक राजीव अहिरवार बुधवार रात करीब 9 बजे अपने चाचा काशीराम के यहां आयोजित बच्चे के जन्मदिन समारोह में शामिल होने गया था। वहां गांव के ही रामू अहिरवार और जित्तू अहिरवार भी मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान दोनों ने राजीव से अभद्र भाषा में बातचीत शुरू कर दी और विवाद करने लगे। विवाद बढ़ता देख राजीव के पिता बबलू अहिरवार उसे समझाकर अपने साथ घर ले आए। परिवार के लोग समझ रहे थे कि मामला शांत हो गया है, लेकिन आरोप है कि रात करीब 9:30 बजे रामू अहिरवार और जित्तू अहिरवार उसके घर पहुंच गए। दोनों ने वहां भी विवाद शुरू कर दिया।

गांव का माहौल बिगड़ने का आरोप

पूर्व सीएम के पैतृक गांव में अवैध शराब का कारोबार, महिलाओं ने किया प्रदर्शन

शराब बेचने के आरोपियों के नामों सहित सौंपा ज्ञापन, सख्त कार्रवाई की मांग





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के पैतृक गांव डूड़ा में अवैध शराब की बिक्री से परेशान महिलाओं का आक्रोश गुरुवार को कलेक्ट्रेट में देखने को मिला। गांव में खुलेआम अवैध शराब बेचे जाने और इससे लगातार बिगड़ रहे सामाजिक माहौल के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं। महिलाओं ने प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा को ज्ञापन सौंपा और गांव में अवैध शराब का कारोबार बंद कराने की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि गांव में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इसके चलते गांव में आए दिन विवाद, गाली-गलौज और मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। शराब के नशे में लोग आपस में झगड़ते हैं। ग्रामीण जब शराब बेचने वालों को इस अवैध कारोबार से रोकने का प्रयास करते हैं तो उनके साथ अभद्रता और मारपीट की जाती है। इससे गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। महिलाओं ने ज्ञापन में कहा कि अवैध शराब की आसान उपलब्धता का सबसे बुरा असर गांव के बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। नशाखोरी बढ़ने से सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है और बच्चों की पढ़ाई एवं शिक्षा प्रभावित हो रही है। महिलाओं का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में गांव की नई पीढ़ी पर इसके गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। ज्ञापन में महिलाओं ने अवैध शराब बेचने के आरोप में जमना पत्नी जगदीश लोधी, संध्या लोधी, गुलाब पत्नी शिब्बू लोधी, रत्तू पिता बोटू लोधी, फूलचंद्र पिता बोटू लोधी और शशि पत्नी जगन लोधी के नामों का उल्लेख किया है। उन्होंने प्रशासन से इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने, अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि गांव में शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाकर ही बच्चों के भविष्य और सामाजिक माहौल को सुरक्षित किया जा सकता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजकुमारी लोधी, सरोज, दुर्गा, मीरा, पूजा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

दरगायं कलां में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार का खुलासा

घर में उगा रखा था 12 किलो गांजे का पौधा, किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी अभियान के तहत मोहनगढ़ थाना पुलिस ने ग्राम दरगायं कलां में दबिश देकर अवैध रूप से उगाए गए गांजे के पौधे को जब्त किया है। पुलिस ने मौके से 12 किलोग्राम वजन का गांजे का एक पौधा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 45 हजार रुपये बताई गई है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

दबिश देने पर घर में मिला नशे का पौधा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेशभर में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, उत्पादन और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मादक पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखने और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाहा और जतारा एसडीओपी अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मोहनगढ़ थाना पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान 4 नवंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दरगायं कलां में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से गांजे का पौधा उगाया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अंकित दुबे ने पुलिस टीम के साथ तत्काल गांव में दबिश दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच और कार्रवाई की तो वीरन वंशकार के कब्जे से गांजे का एक पौधा बरामद हुआ। पुलिस ने पौधे का वजन कराया, जो कुल 12 किलोग्राम पाया गया। जब्त गांजे के पौधे की अनुमानित कीमत 45 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की।

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

मोहनगढ़ थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी वीरन वंशकार के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस द्वारा मामले में वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे, उपनिरीक्षक चतुर सिंह, प्रधान आरक्षक तेज सिंह, प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र, आरक्षक पुष्पराज सिंह, दीपक, सदन, प्रशांत, लक्ष्मीप्रसाद, अर्जुन, झल्लू प्रसाद तथा एनआरएस पंचम सूत्रकार और लालाराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और कारोबार पर अंकुश लगाने के अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

वोकल फोर लोकल अभियान के तहत कलेक्टर ने की स्वदेशी अपनाने की अपील

कलेक्टर एसपी आज से पहुंचेंगे कमजोर वर्ग के पास दीपावली के उपहार लेकर


चायनीज इलेक्ट्रॉनिक सामान ने कुम्हारों से छीना पारंपरागत रोजगार

'वोकल फॉर लोकल' पर भारी पड़ रही चायनीज सामान की चकाचौंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर ने खरीदे सड़क किनारे लगी दुकान से मिट्टी के दिए

वोकल फोर लोकल अभियान को सार्थक बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर शीला दाहिमा ने गुरुवार की शाम गांधी पार्क पर पहुंचकर सड़क पर दुकान लगाकर बैठी कुम्हार जाति की महिलाओं से दीपावली के लिए मिट्टी के दिए और कलश इत्यादि खरीदे। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वह भी इन स्थानीय शिल्पकारों से दीपावली की सामग्री खरीदने ताकि उनके घरों में भी दीपावली की रौनक देखने को मिले। कलेक्टर दाहिमा ने न सिर्फ अपने लिए दिए खरीदे बल्कि ऐसे परिवारों के लिए भी ख़रीद की जो जरूरतमंद है जिन्हें दीपावली की सामग्री पटाखे मिठाइयां खिलौने इत्यादि उपहार में दिए जाने की योजना उन्होंने बनाई है।

दीपावली पर मिट्टी के दिए इत्यादि पर चाइनीज सामान को प्राथमिकता देने के बजाए स्थानीय शिल्पीयों के द्वारा बनाए गई उत्पादन खरीदने की अपील वोकल फोर लोकल अभियान के तहत नागरिकों से की है। यह अपील उन्होंने गुरुवार को पत्रकारों से रूबरू होते हुए की। साथ ही जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है कि वह दीपावली पूर्व (शुक्रवार से) ऐसे लोगों के पास पहुंचकर उन्हें दीपावली की गिफ्ट उपलब्ध कराएंगे जो आर्थिक तंगी या पारिवारिक कारणों की वजह से दीपावली मनाने में असमर्थ हैं। ज्ञात हो कि हरिभूमि ने गुरुवार के अंक में ही वोकल फोर लोकल पर भारी पड़ रही चीनी सामान की चकाचौंध नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। इस समाचार के प्रकाशन के बाद कलेक्टर एसपी ने संयुक्त बैठक कर इस विषय पर लोगों को जागरूक करने के लिए पत्रकारों के साथ बैठक कर चर्चा की थी।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने पत्रकारों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने अखबारों समाचार चैनलों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें कि वह दीपावली का सामान स्थानीय कारीगरों के द्वारा बनाई गई सामग्री के रूप में ही खरीदे खासकर दियो का चलन जारी रखें इससे हमारे परंपरागत कुम्हार कारीगरों को रोजगार मिलता रहेगा और दीपावली का असल उद्देश्य दीपों का त्योहार सार्थक होता रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि वह और एसपी साहब सहित पूरा प्रशासनिक अमला विभिन्न गांव में पहुंचकर ऐसे लोगों के बीच दीपावली के त्योहार से पहले दीपावली मनाने जाएगा जिनके पास धन अभाव की कमी है उन्हें दीपावली के उपहार पटाखे मिठाइयां खिलौने इत्यादि दिए जाएंगे आप लोग भी सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से ऐसे ही काम करें उन्होंने कहा कि वह लोग जो किन्हीं कारणों से वृद्ध आश्रम में रह रहे हैं वह अपने आप को अकेला ना समझे इसलिए हमने वहां जाकर भी दीपावली मनाने का निर्णय लिया है आप भी अपने स्तर पर वहां जाएं और लोगों को भी जागरूक करें ताकि किन्ही कारणों से जो बुजुर्ग अपना घर छोड़ने को मजबूर होकर आश्रम में रह रहे हैं वह इस दिन खुद को अकेला महसूस ना करें। कलेक्टर शीला दाहिमा ने पत्रकारों को रफेको मत सहजोर अभियान की सार्थकता का प्रदर्शन टीवी स्क्रीन पर पारदर्शित कर बताया। दरअसल 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए गए सेवा संकल्प समर्पण अभियान के तहत मंदिरों धार्मिक स्थलों पर जो हजारों दीप प्रकाशित किए गए थे उन्हें उपयोग के बाद फेंकने के बजाए एकत्रित किया गया और विभिन्न स्कूल, आश्रम, छात्रावासों में रह रही छात्राओं एवं एनआरएलएम से जुड़ी दीदियों ने रंगकर ऐसी कलाकृति के रूप में परिवर्तित कर दिया जो स्कूलों दफ्तरों की शोभा बढ़ा रही है। ऐसी कलाकृतियों का प्रदर्शन पत्रकारों को भी टीवी पर कराया गया है बैठक के दौरान एडीएम रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा ,डिप्टी कलेक्टर बीएस श्रीवास्तव एवं शिवलाल शाक्य आदि मौजूद रहे।

पांच दिन का होगा रामेश्वर मेला, मिलेगी चंबल सफारी की सौगात

कलेक्टर शीला दाहिमा ने बताया कि क्षेत्र का ऐतिहासिक रामेश्वर त्रिवेणी संगम मेला जो जन-जन की आस्था का प्रतीक है। उसे तीन दिन से बढाकर 5 दिन का किया जाएगा। इस मेले को व्यापक स्वरूप मिले इसके प्रयास जनपद पंचायत के माध्यम से जो हो सकेंगे किए जाएंगे ही साथ ही मेला शुरू होने से पहले नदी में चंबल सफारी की सौगात भी लोगों को मिल जायेगी। इसकी भी तैयारी कर ली गई है। जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को पर्यटक सुविधा के रूप में मिलेगा। इस दौरान उन्होंने एसडीएम गगन मीणा को रामेश्वर मेला के रास्ते में एवं जेनी से मानपुर तथा नदी घाट तक हो रहे अतिक्रमण को हटाने, पार्किंग व्यवस्था पृथक करने सहित मेले के स्वरूप की डिजाइन बनाकर दिखाने के निर्देश दिए।

कनापुर निवासी ग्रामीण ने आवेदन सौंपकर कलेक्टर से लगाई न्याय दिलाने की गुहार

साहब... प्रभावशाली लोगों ने बंद कर दिया मेरे घर का रास्ता, अब कहां से निकलूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

साहब! गांव के प्रभावशाली लोगो ने मेरे घर का वर्षो पुराना रास्ता चारो तरफ कांटेदार झाड़ियां लगाकर बंद कर दिया है। जिसकारण मेरे और मेरे परिवार के लोगो का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। यही नहीं, जो श्रद्धालु तेजाजी महाराज के चबूतरे पर दर्शन करने के लिए जाते है,उनका भी तेजाजी महाराज मंदिर पर जाना बंद हो गया है। क्योंकि जो रास्ता बंद किया गया है,वह रास्ता ही तेजाजी महाराज के मंदिर तक भी जाता है। इसलिए प्रशासन इस मामले में जल्द कार्रवाई करते हुए न्याय दिलवाए जाने की कार्रवाई करें। कुछ इस तरह अपनी पीडा ग्राम कनापुर निवासी विष्णु शर्मा ने कलेक्टर शीला दाहिमा के नाम आवेदन सौपते हुए कहीं। इस मामले में कलेक्टर शीला दाहिमा ने तहसीलदार को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए है।

श्योपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम कनापुर निवासी विष्णु शर्मा ने कलेक्टर को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि 40 साल से वह जिस जगह मकान बनाकर रहता है,वहां जाने का रास्ता गांव के ही पप्पू मेहरा, महावीर मेहरा के खेत से बगल से होकर जाता है। इसी रास्ते से तेजाजी महाराज के मंदिर तक श्रद्धालु दर्शनो के लिए पहुंचते आए है। लेकिन पिछले करीब सप्ताह भर से उक्त लोगो ने लाठी के जोर से कांटेदार झाडिया लगाकर मेरे घर और तेजाजी महाराज मंदिर तक पहुंचने वाला रास्ता बंद कर दिया है। जिसकारण मेरे व मेरे परिवार के लोगो का घर से निकलना और घर पहुंचना काफी मुश्किलभरा हो गया है। वहीं श्रद्धालुओ का भी तेजाजी महाराज मंदिर तक जाना भी बंद हो गया है। रास्ता बंद करने के लिए उनके द्वारा हरेभरे पेडो की बलि दे दी गई है। पीडित विष्णु शर्मा का कहना है कि रास्ते में लगाई कांटेदार झाडिया हटाने पर प्रभावशाली लोग मुझसे और मेरे परिवार के लोगो के साथ झगडा करने पर आमदा हो जाते है और झूठे हरिजन एक्ट के मामले में फंसाने की धौंस देते है। पीडित ने इस मामले में न्याय दिलवाए जाने की गुहार कलेक्टर से लगाई है।

मामला संज्ञान में

मामला मेरी संज्ञान में है और इस मामले को लेकर मै कनापुर पहुंचकर मौके की स्थिति भी देख आया हूं। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दीपेश धाकड
तहसीलदार,श्योपुर

रामेश्वर मेला रास्ते में हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



क्षेत्र के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक रामेश्वर त्रिवेणी संगम मेला नजदीक आ रहा है और मेला के रास्ते में लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण से मेले में पहुंचने वाले सैलानी (श्रद्धालुओं) का प्रभावित होना लाजमी है इसको ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर शीला दाहिमा के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सोपा है जिसमें जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।

जावदेश्वर, चौपना, टेकना, काचरमूली के ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि म०प्र०सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा भौगिका तिराहे से लेकर रामेश्वर घाट तक सड़क का निर्माण किया गया है, जिसके दोनो और शासकीय भूमि (शोल्डरो) पर स्थायी तौर पर ग्राम चौपना तक कुछ लोगो द्वारा अतिक्रमण कर लिया है। जिसमें मकान के आगे तारफेंसिग एवं पत्थर बोल्डर रखना रेत बजरी का ढेर रखना, कृषि यंत्रो को मुख्य मार्ग पर रखना इत्यादि शामिल है जिससे मार्ग संकरा हो गया है। वाहनो के आने जाने में कठिनाई होती है तथा जगह कम होने के कारण कई बार आमने सामने वाहन टकरा जाते है जिससे वाहन चालक चोटिल तक हो जाते है। नवम्बर माह में ही रामेश्वर घाट पर प्रसिद्ध मेला लगना है जिसमें तीन लाख श्रद्धांलुओं के पहुंचने का अनुमान है। वाहन इस रूट से गुजरते है, यदि इस मार्ग से अतिक्रमण नही हटाया जाता है तो आगामी समय में इस रूट पर भारी जाम एवं दुर्घटनाऐं देखने को मिलेगी। जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

स्कूली बच्चों को बताए दांतों में होने वाली बीमारियों से बचाव के तरीके



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय श्योपुर में गुरूवार को दंत परीक्षण एवं मुख स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल के निर्देशन में आयोजित इस शिविर के दौरान नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा, डॉ राधिका मित्तल, ललित शर्मा (एम.टी.डब्ल्यू.) ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं का दंत परीक्षण करते हुए दांतों में होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनसे बचाव एवं दांतों की नियमित साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथही बच्चों को प्रतिदिन सुबह एवं रात में सोने से पहले ब्रश करने, सही तरीके से दांतों की सफाई करने तथा नियमित रूप से दंत चिकित्सक से जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही मुख एवं दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा दांतों से संबंधित बीमारियों की समय पर पहचान एवं रोकथाम सुनिश्चित करना था।शिविर में विद्यालय के प्राचार्य पवन सिंह मीणा एवं अन्य शिक्षकगण का भी विशेष सहयोग रहा।

खुशी भारती स्कूली में रंगोली सजाकर और दीप जलाकर मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

खुशी भारती एकेडमी इंग्लिश स्कूल सोईकलां में गुरूवार को उत्साह और उल्लास के साथ दीपावली महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने दीपक जलाकर विद्यालय परिसर को रोशनी से जगमगा दिया। इस दौरान भगवान श्रीराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल संचालक विनोद रावत ने विद्यार्थियों को दीपावली पर्व का महत्व बताते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या मीनू जैन, विशाल जाट, गिर्राज मीणा, रोहित जागा, शीतल मेम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



13 को सोईकलां में होगा जनसंवाद कार्यक्रम

श्योपुर। दीपावाली त्योहार के दृष्टिगत मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत अब आगामी जनसंवाद कार्यक्रम 13 नवंबर को श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम सोईकलां में आयोजित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत प्रति शुक्रवार जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्तर पर निर्धारित कैलेण्डर अनुसार 6 नवम्बर शुक्रवार को वीरपुर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित था, 6 नवंबर को दीपावली पर्व -धनतेरस होने से अब आगामी जनसंवाद कार्यक्रम 13 नवंबर को सोईकलां में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की अध्यक्षता में सोईकलां में आयोजित उक्त जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सोईकलां सहित बडौदाराम, बगडुआ, बगवाडा, गोहेडा, दलारनाकलां, दांतरदाकलां, लहचौडा, माखनाखेडली, नागरगांवडा, सोठवा, तलावदा, बर्धाबुजुर्ग, ददूनी, गुरनावदा, ज्वालापुर, मेवाडा, नंदपुरा, रायपुरा, शंकरपुर, तिल्लीपुर शामिल रहेंगे। इस अभियान के दौरान क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम लोगों की मांगों एवं शिकायतों का निराकरण किया जायेगा तथा शासकीय योजनाओं की निगरानी के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में शेष पात्र लोगों को लाभ देने की कार्यवाही की जायेगी।

जिला अभिभाषक संघ ने कलेक्टर शीला दाहिमा से की मुलाक़ात

कलेक्टर न्यायालय में नियमित सुनवाई के लिए वक़ीलों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिला अभिभाषक संघ, श्योपुर की ओर से कलेक्टर न्यायालय में लंबित प्रकरणों की नियमित सुनवाई को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। संघ ने मांग की है कि कलेक्टर न्यायालय में पंजीबद्ध एवं विचाराधीन प्रकरणों की सुनवाई कलेक्टर स्वयं नियमित रूप से करें। ताकि पेंडेंसी खत्म हो और लोगों के लिए त्वरित न्याय की प्रकृया वाली परिकल्पना साकार हो सके।

कलेक्टर शीला दाहिमा से मिलने पहुंचे वक़ीलो ने पहले उन्हें दीपावली की एडवांस शुभकामनाएं दी और बाद में एक ज्ञापन सौपा जिसमें उल्लेख किया है कि कलेक्टर न्यायालय में विभिन्न राजस्व एवं अन्य प्रकृति के प्रकरण लंबे समय से विचाराधीन हैं। पक्षकार एवं उनके अधिवक्ता निर्धारित तिथियों पर उपस्थित होकर प्रभावी सुनवाई की अपेक्षा रखते हैं, लेकिन सुनवाई नियमित न होने से पक्षकारों को अनावश्यक विलंब और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अभिभाषक संघ ने कलेक्टर न्यायालय की सुनवाई का समय प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से निर्धारित करने की मांग की है। इससे अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को सुनवाई हेतु निश्चित समय मिल सकेगा और न्यायालयीन कार्य अधिक व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकेगा। साथ ही संघ ने अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में भी पंजीबद्ध प्रकरणों की नियमित सुनवाई सुनिश्चित कराने और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश देने की मांग की है। कलेक्टर शीला दाहिमा ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि वे न्यायहित, पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं की सुविधा तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण को दृष्टिगत रखते हुए इस संबंध में शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही की करेंगी। इस दौरान जुगराज रावत, शकील कुरैशी, आशीष जगनेरी, रघुराज यादव, शरद जेन, अशोक कुमार जाटव, जमील कुरैशी, भुवनेश सेन, दीपक गोयल, मुकेश शर्मा, गौड़, मुकुल गुप्ता, मुन्नवर खान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

हरमेल सिंह की एफआईआर और किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लेने की उठाई मांग

किसान कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर कहा पराली के नाम पर किसानों का उत्पीड़न बंद करे प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पराली जलाने के मामले में ग्राम पाण्डोला निवासी किसान हरमेल सिंह पुत्र मलकीत सिंह के विरुद्ध बड़ौदा थाने में एफआईआर दर्ज किए जाने तथा जिले के अन्य किसानों को पराली जलाने के मामलों में नोटिस जारी किए जाने के विरोध में किसान कांग्रेस ने गुरूवार को बडौदा में विरोध प्रदर्शन करते हुए बडौदा थाने तथा बडौदा तहसील कार्यालय का घेराव किया और ज्ञापन सौंपकर प्रशासन पराली के नाम पर किसानों का उत्पीडन बंद करने की मांग की। इसके साथही किसान कांग्रेस ने ज्ञापन में किसान हरमेल सिंह पर दर्ज एफआईआर और किसानों को दिए गए नोटिसो को वापस लेने की मांग करते हुए यह चेतावनी भी दी है कि इस मामले में जल्द ही कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा।



थाने के बाद घेरा तहसील कार्यालय,सौंपा ज्ञापन

बडौदा थाने में एसडीओपी बडौदा को ज्ञापन सौपने के बाद कांग्रेसी पैदल मार्च करते हुए बडौदा तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां कांग्रेसियो ने तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए बडौदा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर के नाम तहसीलदार बडौदा को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेसियो ने उल्लेख किया है कि हरमेल सिंह के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को वापस लेने के साथही किसानों को पराली जलाने के मामलों में भेजे गए अनुचित नोटिसो को भी वापस लेते हुए किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान और भयभीत करना बंद किया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग उठाई गई है कि सभी किसानों के साथ समान एवं निष्पक्ष व्यवहार करते हुए पराली प्रबंधन के लिए किसानों को पर्याप्त मशीनरी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

गुरूवार दोपहर को कांग्रेस कार्यकर्ता श्योपुर विधायक बाबू जंडेल और किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा के नेतृत्व में बडौदा तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां कांग्रेसियो ने तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए बडौदा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर के नाम तहसीलदार बडौदा को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेसियो ने उल्लेख किया है कि हरमेल सिंह के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को वापस लेने के साथही किसानों को पराली जलाने के मामलों में भेजे गए अनुचित नोटिसो को भी वापस लेते हुए किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान और भयभीत करना बंद किया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग उठाई गई है कि सभी किसानों के साथ समान एवं निष्पक्ष व्यवहार करते हुए पराली प्रबंधन के लिए किसानों को पर्याप्त मशीनरी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

बछेरी की अगुवाई में बडौदा स्थित पुलिस थाने के सामने एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए बडौदा थाने का घेराव किया। इसके बाद एसडीओपी बडौदा अवनीत शर्मा को ज्ञापन सौपने के दौरान मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के श्योपुर जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि किसान पहले से ही खाद, बिजली, सिंचाई और फसल की बढ़ती लागत जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में पराली प्रबंधन के लिए उचित संसाधन और मशीनरी उपलब्ध कराने के बजाय किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना और नोटिस भेजकर उन्हें डराना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए किसानों को जागरूक किया जाना चाहिए तथा उन्हें आवश्यक मशीनरी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। किसानों के साथ भेदभावपूर्ण कार्रवाई किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी

7 दिन का अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा आंदोलन

बडौदा तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपने के दौरान मप्र किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि ज्ञापन प्राप्ति के 7 दिनों के भीतर हरमेल सिंह के विरुद्ध दर्ज एफआईआर वापस लेने तथा किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लेने की उचित कार्रवाई नहीं की गई तो मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस जिलेभर में व्यापक एवं उग्र लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपने के दौरान विधायक बाबू जंडेल, अंशु शुक्ला, रितेश तोमर, ब्लॉक बड़ौदा अध्यक्ष मुरारी प्रजापति, जनपद सदस्य राहुल सिरसौद, पार्षद गिर्राज जाटव, दिनेश सुमन, मूलचंद सरपंच, रणवीर नयागांव , दिनेश बोरदा देव , भूपेंद्र आर्य , दीपा कंबोज , सुरेश गांवड़ी, भूरिया खेड़ली, ओपी धानोद , कृष्ण धानोद , गिर्राज काका, कपिल प्रजापति एवं दिलकुश बड़ौदा सहित अनेक किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिजली समस्या को लेकर जीएम से मिला भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधि मंडल, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बिजली समस्याओ को लेकर भारतीय किसान संघ के एक प्रतिनिधी मंडल ने गुरूवार को बिजली कंपनी के महाप्रबंधक से मुलाकात की और बिजली समस्याओ के निदान के लिए एक मांग पत्र सौंपा।

जीएम को सौपे मांग पत्र में सब स्टेशनों से निकलने वाली विद्युत लाइनों में अलग-अलग शटडाउन (कट पॉइंट) की व्यवस्था किए जाने, सब स्टेशनों पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाने, खेतों के ऊपर से गुजरने वाली नीचे लटकती विद्युत लाइनों को प्राथमिकता से दुरुस्त कराए जाने, कोई घटना होने पर संबंधित अधिकारी/ कर्मचारियों की जवाबदेही तय किए जाने,डोज-डॉन टेस्टिंग एचपी क्षमता के अनुरूप कराने, स्वीकृत सभी सब स्टेशनों का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करवाने, आदिवासी विकासखंड कराहल में 400/220 केवी क्षमता के पावर ग्रिड स्टेशन की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कराकर स्वीकृति दिलाने आदि मांगे रखी गई। इस अवसर पर हरीशंकर पालीवाल, नरेंद्र सिंह चौधरी, मूलचंद मीणा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश मीणा, कृषि मण्डी आयाम प्रमुख सरदार वरियार सिंह तहसील अध्यक्ष सियाराम गुर्जर अशोक आर्य, जिला युवा प्रमुख जितेंद्र मीणा, मंत्री निसार खान सहित अन्य कई किसान संघ पदाधिकारी व किसान मौजूद थे।



ढोढर पुलिस ने सवा किलो गांजा के साथ तस्कर पकड़ा

श्योपुर। ढोढर थाना पुलिस ने सवा किलो गांजा के साथ एक तस्कर को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर वीनू उर्फ विनोद पुत्र दीनानाथ जंगम निवासी ढोढर को उस समय पकड लिया,जब वह बगदरी के कच्चे रोड से होकर गुजर रहा था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो 228 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजे की कीमत 21 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

नियमितीकरण, वेतनवृद्धि व ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग पर अड़े कर्मचारी

नपा सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से शिवपुरी की सफाई व्यवस्था चरमराई

दीपावली के दौरान शहर की स्वच्छता पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



मध्यप्रदेश में सफाई कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल का असर अब शिवपुरी शहर में भी दिखाई देने लगा है। नगर पालिका के करीब 350 सफाई कर्मचारी गुरुवार से काम बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों के काम पर नहीं पहुंचने से शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा होने लगा है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों ने नियमितीकरण, वेतन वृद्धि, ठेका प्रथा समाप्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। इसी के चलते प्रदेशव्यापी आंदोलन के समर्थन में शिवपुरी के सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर उतर आए हैं।

मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

कर्मचारी नेता मनोज लाहौरी ने बताया कि सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में कर्मचारियों का नियमितीकरण, उचित वेतन वृद्धि, ठेका प्रथा समाप्त करना तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना शामिल है। उनका कहना है कि सफाई कर्मचारियों से शहर की स्वच्छता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन उनकी अपनी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

दीपावली के दौरान बढ़ सकती है नागरिकों की परेशानी

त्योहारी सीजन और दीपावली के दौरान बाजारों तथा रिहायशी इलाकों में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक कचरा निकलता है। ऐसे समय में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने नगर पालिका के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। यदि हड़ताल लंबी चली तो शहर की सफाई व्यवस्था और बदतर हो सकती है। वहीं जगह-जगह कचरा जमा होने से दुर्गंध और गंदगी की समस्या भी बढ़ने की आशंका है।

वार्ड 24 गली में अधूरा पड़ा सड़क निर्माण, रहवासी परेशान

एक माह पहले तुड़वा दिए चबूतरे, लेकिन सड़क बनाना भूली नगरपालिका!





हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के नगरपालिका वार्ड क्रमांक 24 में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार का मामला सामने आया है। लक्की गार्डन के पास स्थित गली में मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि नगरपालिका ने करीब एक माह पहले सड़क निर्माण के नाम पर लोगों के घरों के बाहर बने चबूतरे तो हटवा दिए, लेकिन इसके बाद सड़क निर्माण कार्य पूरा कराना भूल गई। स्थानीय रहवासियों को उम्मीद थी कि चबूतरे हटाए जाने के बाद जल्द ही पूरी गली में सड़क का निर्माण हो जाएगा, लेकिन एक माह गुजरने के बावजूद सड़क अधूरी पड़ी हुई है। इसके चलते लोगों को रोजाना आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अधूरे निर्माण के कारण मोहल्ले के लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। नगरपालिका की कार्यप्रणाली से परेशान होकर मोहल्ले के निवासी मोहिन खान ने अपने घर के सामने सड़क निर्माण के लिए स्वयं अपनी जेब से करीब 50 हजार रुपये खर्च कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। वहीं, अन्य रहवासियों ने भी नगरपालिका प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक को आवेदन सौंपकर अधूरी सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

चबूतरे हटाने में तेजी, सड़क बनाने में देरी क्यों?: रहवासियों का सवाल है कि जब नगरपालिका ने सड़क निर्माण के लिए लोगों के घरों के सामने बने चबूतरे हटवा दिए थे, तो फिर निर्माण कार्य को बीच में अधूरा क्यों छोड़ दिया गया? आखिर कब तक लोग अधूरी सड़क की परेशानी झेलते रहेंगे? स्थानीय लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि बाली गली में शेष सड़क निर्माण कार्य तत्काल पूरा कराया जाए, ताकि रहवासियों को आवागमन की समस्या से निजात मिल सके।

इनका कहना है...

सीएम मोनेट से वार्ड 24 में 16 लाख की लागत से 4-5 सड़क डाली गई है। आप जिसकी बात कर रहे हैं उसे भी दिवाली के बाद डाल दिया जाएगा।

राकेश धाकड़, सब इंजिनियर नपा

विद्या मंदिर हॉस्टल बैराड़ में दीपोत्सव की धूम

बच्चों ने सजाई मनमोहक रंगोली विजेताओं को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



प्रकाश पर्व दिवाली के पावन अवसर पर विद्या मंदिर हॉस्टल बैराड़ में एक रंगारंग और उत्साहवर्धक रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हॉस्टल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी अद्भुत कला और रचनात्मकता का परिचय देते हुए फर्श पर रंगों के बेहतरीन और आकर्षक फूल खिलाए। बच्चों की इस शानदार कला ने सभी का मन मोह लिया। दीपावली के इस खास मौके पर सजी रंगोली की कलाकृतियों में से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों में प्रथम स्थान आशीष रावत (कक्षा 6), द्वितीय स्थानः सत्यम केवट (कक्षा 2), तृतीय स्थान सचिन रावत (कक्षा 3) का चयन किया गया है।

बच्चों की इस कलात्मक प्रतिभा को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए हॉस्टल प्रबंधक रामगणेश रावत ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को अपने हाथों से पुरस्कार (इनाम) प्रदान किए। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विद्यालय एवं हॉस्टल का पूरा स्टाफ और बच्चों के अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षिका सलोनी शर्मा, दीप्ति शर्मा एवं मुस्कान सैन ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों के साथ-साथ उनके पालकों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया, जिससे बच्चों का मनोबल काफी ऊंचा हुआ।

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के महत्व व ऑनलाइन प्रक्रिया को समझाया

ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेन्स फेडरेशन बीना शाखा की मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेन्स फेडरेशन (एआईआरआरएफ) की बीना शाखा की मासिक बैठक 5 नवंबर को पूर्वी कॉलोनी स्थित गायत्री मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में 35 सदस्यों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में वक्ताओं द्वारा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के महत्व एवं इसकी ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। शाखा सचिव डॉ. महेश मिश्रा ने उपस्थित सदस्यों को स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने एवं सबमिट करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। जिससे सदस्यों को इस आवश्यक कार्य को घर बैठे सरलता से पूरा करने में सहायता मिल सके।

बैठक में आगामी आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के संदर्भ में पेंशनरों के हितों एवं अपेक्षाओं पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने वेतन आयोग की प्रक्रिया में पेंशनरों की उपेक्षा किए जाने पर कड़ा विरोध व्यक्त किया तथा मांग की कि पेंशनरों के हितों, अधिकारों एवं समस्याओं को उचित महत्व देते हुए उनके साथ न्याय किया जाए। बैठक के अंत में शाखा अध्यक्ष आरजे यादव ने दीपावली के पावन अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों को मिष्ठान वितरित कर शुभकामनाएं दीं। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं पेंशनरों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

पुलिस की अवैध पटाखा भंडारण पर कार्रवाई 90 हजार के पटाखे जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों एवं पटाखों के अवैध भंडारण पर सतत कार्रवाई करते हुए 4 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखा भंडारण का पर्दाफाश किया गया है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया 4 नवंबर को भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गांधी वार्ड सिंधी कॉलोनी स्थित जेएस ट्रेडर्स दुकान में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया गया है। सूचना पर पुलिस गांधी वार्ड सिंधी कॉलोनी स्थित दुकान पर पहुंची और राजीव वाधवानी की उपस्थिति में दुकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दुकान से बिना वैध लाइसेंस के भंडारित किए गए विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए। 3 सफेद रंग के कार्टून बीडी फटाखा के कुल 100 पैकेट (कीमत करीब 12 हजार), 1 खाकी रंग का कार्टून पेपर सॉफ्ट (पॉप्स) फटाखा के 120 पैकेट (कीमत करीब 5 हजार रुपए), 1 खाकी रंग का कार्टून चिटपिटी फटाखा के 3 पैकेट (कुल 120 फटाखा, कीमत करीब 60 हजार रुपए),1 सफेद प्लास्टिक बोरी ओरिजल पेपर शॉट कम्पनी के 5 पैकेट (कीमत करीब 12 हजार 500 रुपए) कुल जप्तशुदा माल की कीमत करीब 89,500 रुपए के जप्त किए गए।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैघरा कॉलोनी निवासी महेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रोपी कल्ला कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत राधा पार्क कॉलोनी निवासी राकेश ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अंकित राय व उसके तीन साथियों ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोड़ा निवासी राहुल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अभय राजा परमार, छोटूराजा, गजेन्द्र राजा, वीरपाल राजा ने उससे घर में घुसकर मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहाबाद निवासी नीरज बरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नरेन्द्र और पूनम बाई बरार ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरोदिया निवासी शिवकुमार जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुड्डी, रंजना और महेन्दर ने उससे मारपीट की। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बघनरी निवासी राजभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जयपाल और राजकुमार जाटव ने उससे मारपीट की।

प्रज्ज्वल शर्मा ने पहले ही प्रयास में नीट किया उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में शिवपुरी के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सफलता का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में शहर के राघवेंद्र नगर निवासी छात्र प्रज्ज्वल शर्मा ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर एक और उपलब्धि हासिल करते हुए पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। उनका चयन लखनऊ स्थित इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। विशेष बात यह है कि प्रज्ज्वल ने 12वीं की पढ़ाई के साथ ही पहले प्रयास में नीट जैसी कठिन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। इससे पूर्व वे इंटरमीडिएट परीक्षा में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं, जिसके लिए उन्हें मध्यप्रदेश शासन की ओर से छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी। प्रज्ज्वल की इस उपलब्धि से उनके परिवार सहित मित्रों, शुभचिंतकों और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

गोमती नंदन स्कूल ने मनाया दीपोत्सव व लक्ष्मी पूजन पर्व, प्रतियोगिताएं भी हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



सीबीएसई स्कूल गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार का दिन पूर्ण रूप से दीपोत्सव और लक्ष्मी पूजन को समर्पित रहा। सुबह की शुरुआत आध्यात्मिक प्रार्थना सभा से शुरू हुई। जिसमें अनिरुद्ध प्रभु का मार्गदर्शन और संकीर्तन हुआ। जिससे विद्यार्थियों में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके उपरांत सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने ग्रुप में दिवाली कार्ड दिया। डेकोरेशन, तोरण और बंधनवार और रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद विद्यालय में सभी आमंत्रित अभिभावकों का स्वागत हुआ और उनके समक्ष विभिन्न भजनों के साथ-साथ रामायण के अलग अलग पात्रों ने अपने किरदार का जीवंत चित्रण किया। अभिभावक इन प्रस्तुतियों से आनंदित एवं अभिभूत हो गए। प्रोग्राम का समापन हवन एवं लक्ष्मीजी की आरती के साथ हुआ। जिसमें सभी बच्चों और अभिभावकों ने दीपक जला के आरती की एवं प्रसाद प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक विकास अग्रवाल एवं प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल ने सभी बच्चों और अभिभावकों को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं सभी के जीवन के लिए मंगल कामना की।

संकीर्तन करते हुए पहुंचे सैकड़ों भक्त, कहा पुलिस को शक्ति दे राधा रानी

जब थाने में गूंजा 'हरे कृष्णा-हरे रामा' ज्ञापन नहीं प्रार्थना लेकर पहुंचा राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



यह नजारा बीना के लिए बिल्कुल नया था। आमतौर पर थाने परिसर में लोग शिकायत, ज्ञापन या विरोध लेकर पहुंचते हैं, लेकिन बुधवार को जब राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल संकीर्तन करते हुए थाने पहुंचा तो वहां मौजूद हर कोई आश्चर्यचकित रह गया। हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे की मधुर धुन और ढोलक-मंजीरे की थाप पर पूरा थाना परिसर भक्तिमय हो उठा। सैकड़ों की संख्या में मंडल के सदस्य, जिनमें मातृशक्ति की संख्या सबसे अधिक थी, प्रभात फेरी करते हुए थाने पहुंचे। हम ज्ञापन देने नहीं, प्रार्थना करने आए हैं- इस मौके पर मंडल के भक्त माली ने कहा कि हम कोई ज्ञापन देने नहीं आए हैं। हम राधा रानी से प्रार्थना कर रहे हैं कि वे पुलिस प्रशासन को शक्ति प्रदान करें, ताकि वे नगर में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगा सकें। उन्होंने कहा कि हमारी मंडल की सदस्य अनीता राकेश सेन के साथ दोपहर 2 बजे हुई लूट की घटना अत्यंत निंदनीय है। ऐसी घटनाओं से आम नागरिकों में भय का माहौल बनता है और ऐसे अपराधियों पर सख्त अंकुश लगाया जाना चाहिए।

आलोचना नहीं, आग्रह है : राकेश सेन

मंडल सदस्य राकेश सेन ने कहा कि हम किसी की आलोचना करने या किसी प्रकार का ज्ञापन देने नहीं आए हैं। हमारा सिर्फ एक आग्रह है कि अपराधियों पर इस तरह शिकंजा कसा जाए, जिससे उनके बढ़ते हौसले टूट सकें। उन्होंने कहा कि आज राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल संकीर्तन करते हुए थाने परिसर आया है और राधा रानी से यही प्रार्थना करता है कि वह प्रशासन को शक्ति प्रदान करें और अपराधों पर शीघ्र अंकुश लग सके। संकीर्तन मंडल के इस अनोखे और शांतिपूर्ण तरीके को देखकर थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी भी भावुक हो उठे। भक्तों ने पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर प्रसाद वितरित किया और उनकी लंबी उम्र व कर्तव्यनिष्ठा के लिए भी प्रार्थना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय और शांतिपूर्ण बना रहा। मंडल के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे आगे भी नगर में शांति, सद्भाव और भक्ति के प्रसार के लिए इसी तरह प्रभात फेरी निकालते रहेंगे।

श्री पूंछ वाले बाबा के सानिध्य में सजेगा कथा प्रांगण

द्वारका के नागेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम में 11 से 19 दिसंबर तक होगा नागेश्वर महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ द्वारका



भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक नागेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम में आगामी 11 से 19 दिसंबर तक धार्मिक आयोजन नागेश्वर महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। श्री पूंछ वाले बाबा के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन को लेकर श्री नागेश्वर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं महंत से मंदिर के सामने स्थित प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति प्राप्त हो गई है। आयोजन की तैयारियों के तहत आगामी 22 नवंबर को भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर श्री पूंछ वाले बाबा के सानिध्य में साधु-संतों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। यज्ञशाला के निर्माण के लिए बिहार से विशेष टीम पहुंचेगी, वहीं भव्य टेंट व्यवस्था के लिए श्री सोमनाथ से टेंट मंगवाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आकर्षक टेंट सिटी तैयार की जाएगी। इसके साथ ही वैदिक कालीन परंपराओं के अनुरूप भोजनशाला का निर्माण कराया जाएगा।

नागेश्वर महाकुंभ के लिए भव्य कथा प्रांगण तैयार किया जाएगा, जहां आयोजन होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आस्था चैनल सहित कई यूट्यूब चैनलों के माध्यम से किया जाएगा, ताकि देश-विदेश के श्रद्धालु भी इस धार्मिक आयोजन से जुड़ सकें। आयोजन में श्रद्धालुओं की व्यापक भागीदारी को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार करीब 400 श्रद्धालुओं के लिए ट्रेन में आरक्षण कराया जा रहा है।

शिव भक्ति और सनातन परंपरा का बनेगा संगम

भगवान श्री नागेश्वर महादेव के पावन चरणों में, श्री द्वारकाधीश महाराज के सानिध्य तथा श्री हनुमान महाराज की संरक्षकता में आयोजित होने वाला यह नागेश्वर महाकुंभ श्रद्धा, भक्ति, आध्यात्मिकता और सनातन संस्कृति का भव्य संगम बनने जा रहा है। श्री यज्ञ परिवार समिति एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए अग्रिम स्वागत एवं अभिनंदन किया है।